आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–10 मार्च 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सबका साथ सबका विकास–जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति' विषय पर बजट उपरांत वेबिनार को किया संबोधित। कहा– आयुष्मान भारत योजना और आरोग्य मंदिर से ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा है स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार।
- अगले दो से तीन वर्षों में प्रदेश के बीस लाख से अधिक घरों तक हाई–स्पीड इंटरनेट पहुंचाने की तैयारी। स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन ने निजी कम्पनी के साथ किया करार।
- मथुरा के पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह समारोह आज। अध्यक्षता के लिए दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने की समीक्षा बैठक, दिये आवश्यक निर्देश।
- रमजान के जुलूस के कारण कल पर्यटकों के लिये बंद रहेगा लखनऊ का छोटा और बड़ा इमामबाड़ा।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का स्वास्थ्य ढांचा और मजबूत हुआ है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित सबका साथ सबका विकास–जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति विषय पर बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने ये बात कही।

***साथियों, भारत आज प्रिवेंटिव और होलिस्टिक हेल्थ के लिए एक विशाल विजन पर काम कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में देश का हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है, सैकड़ों जिलों में नए नए मेडिकल कॉलेज खुल गए हैं। आयुष्मान भारत योजना, आरोग्य मंदिरों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच गांव गांव तक बढ़ाई गई है।***

प्रधानमंत्री ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती संख्या पर गर्व व्यक्त किया। श्री मोदी ने एक मजबूत अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण का आह्वान किया जो युवा शोधकर्ताओं को बिना किसी बाधा के नवाचार और प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करे।

***आपके सुझाव बहुत अहम होंगे। साथियों, जब इन्स्टीट्यूशन्स, इंडस्ट्रीज, एकेडेमिया मिलकर काम करते हैं, तो परिवर्तन की गति तेज हो जाती है। बजट के बाद वेबिनार की जो ये सिरीज हुई है, मुझे विश्वास है उससे आने वाले समय के लिए ठोस दिशा मिलेगी। ऐसे ही प्रयासों से विकसित भारत की नींव और मजबूत होगी।***

**********

प्रदेश में हाई–स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए वित्त और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की मौजूदगी में कल स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन ने एक निजी कम्पनी के साथ एमओयू साइन किया। 'प्रोजेक्ट गंगा' के तहत हुए इस समझौते में अगले 2 से 3 वर्षों में 20 लाख से अधिक घरों तक हाई–स्पीड इंटरनेट पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस अवसर पर श्री खन्ना ने कहा कि यह समझौता प्रदेश में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के साथ बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

***तकनीकी सशक्तिकरण यह बहुत बड़ा चेंज लक्षित है और 20 लाख घरों को इसका लक्ष्य है। लगभग एक करोड़ लोगों तक इसको पहुंचाने का लक्ष्य है। अगर हम अपनी कलेक्टिविटी और खासतौर से इंटरनेट सेवाएं जिस ब्रॉड बैंड के माध्यम से हम उसका विस्तार देंगे तो जिससे बहुत बड़ी संभावनाएं हमारी डेवलप होंगी और इसमें आठ से दस हजार युवकों को खासतौर से डिजिटल सर्विस प्रोवाइडर के रूप में विकसित करना है और खासतौर से महिलाओं को भी इसमें अपरचुनिटी मिलने वाली है। तो कुल मिलाकर डिजिटाइजेशन के इंफ्रास्ट्रक्टर को बढ़ावा देने वाला एक ऐसा कदम है जिससे पूरा सिनारियो प्रभावित होगा।***

**********

लोक निर्माण विभाग के सर्किट हाउस और गेस्ट हाउस की बुकिंग अब ऑनलाइन की जा सकेगी। यह सुविधा प्रदेश के 21 सर्किट हाउसों और 334 गेस्ट हाउसों के कमरों के ऑनलाइन बुकिंग में मिलेगी। सर्किट हाउस सूचना प्रणाली की ओर से जारी की गई वेबसाईट पर जा कर कमरों की ऑनलाइन बुकिंग की जा सकती है।

**********

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 की लिखित परीक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए व्हाटसअप नंबर और ईमेल आईडी जारी किया है। बोर्ड ने अपील किया है कि किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि की सूचना व्हाटसअप नंबर– नौ चार पांच चार चार पांच सात नौ पांच एक पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जायेगी।

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल कल दो दिवसीय दौरे पर मथुरा पहुंचीं। एक रिपोर्ट–

***राज्यपाल ने अपने मथुरा दौरे के पहले दिन पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय और गो अनुसंधान संस्थान परिसर का भ्रमण कर विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय की दीवारों पर बनाई गई कलात्मक***

*वॉल पेंटिंग्स का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने बैठक कर विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर बिंदुवार समीक्षा की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिया । आज राज्यपाल की अध्यक्षता में संस्थान का 15वाँ दीक्षांत समारोह होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के पशुपालन आयुक्त डॉ नवीन बी. महेश्वरप्पा उपस्थित रहेंगे। मथुरा से मोहम्मद उमर कुरैशी के साथ समाचार कक्ष से विवेक सिंह।*

**********

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कल लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों द्वारा शासनादेश के विपरीत फीस लिए जाने के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में विश्वविद्यालयों की शुल्क संरचना, परीक्षा शुल्क और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिए कि राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा निर्धारित शासनादेश के अनुसार ही परीक्षा शुल्क लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक परीक्षा शुल्क लिया जाता है तो उसकी ऑडिट कराई जा सकती है। ऐसे मामलों में आवश्यकतानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

**********

प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कल अयोध्या में राज्य स्तरीय बेसिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ–साथ खेल भी बेहद जरूरी है।

***खेलों को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा के साथ–साथ खेल भी बहुत ज्यादा आवश्यक है। इसको समझते हुए राज्य स्तरीय क्रीड़ा की प्रतियोगिता, खेल की प्रतियोगिता अयोध्या में आयोजित की जा रही है। हम सभी लोग बड़े ही प्रसन्न हैं कि जिस तरह से आज बच्चों को सर्वांगीण विकास के लिए हर एक अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए आज सरकार के द्वारा हर एक क्षेत्र में बहुत अच्छे संसाधन, अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर और एक अच्छा वातावरण उपलब्ध कराने के लिए हम सब लोग पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और कार्य कर रहे हैं।***

**********

लखनऊ में कल 21वें रमजान के जुलूस के मद्देनजर बड़ा इमामबाड़ा स्थित भूलभूलैया, शाही बाउली और छोटा इमामबाड़ा स्थित शाही हम्माम तथा पिक्चर गैलरी पर्यटकों के लिए बंद रहेंगे। इस बीच, उन्नीसवें रमजान के मौके पर कल लखनऊ में शिया समुदाय ने ताबूत–ए–गिलीम का जुलूस निकाला। यह जुलूस इस्लाम धर्म के खलीफा हजरत अली की शहादत की याद में निकालने की परम्परा रही है।

**********

प्रयागराज स्थित मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन– डीआरडीओ की ओर से पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य रक्षा और सैन्य विकास के लिए नैनोपार्टिकल्स के अनुप्रयोगों को परखना तथा शोध कर रहे छात्रों या विभागों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीआरडीओ कानपुर के निदेशक किंशुक मुखोपाध्याय ने कहा कि डीआरडीओ की तरफ से करीब 100 करोड़ रुपए का एक प्रोजेक्ट तैयार किया गया है जिसके लिए देश के किसी अग्रणी शिक्षण संस्थान का चयन किया जाएगा।

**********

अमेठी के रायबरेली–सुल्तानपुर राज मार्ग पर कल शाम एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हैं। फुरसतगंज थाना क्षेत्र के निगोहा गांव के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से तीन बाइकों के टकरा जाने से यह हादसा हुआ।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में आगामी पंद्रह मार्च को कहीं कहीं बहुत हल्की से हल्की वर्षा होने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार आज से चार दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोत्तरी होगी। इस अवधि में मौसम शुष्क बना रहेगा।

**********